प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 14.06.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1. अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्र निर्माण / तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.06.2024 को उ0नि0 महेशचन्द थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त अनीश उर्फ जला हुआ पुत्र रियासत उर्फ कलुआ निवासी ग्राम बसावनपुर थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को अवैध एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना भोजपुर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 0242/2024 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 54/18 धारा 307 भादवि व 25 आयुध अधि0 थाना मूंढापाण्डे ।

2.मु0अ0सं0 58/2018 धारा 25 आयुध अधि0 थाना मूंढापाण्डे ।

3.मु0अ0सं0 68/18 धारा 392/411 भादवि थाना छजलैट ।

4.मु0अ0सं0 02/16 धारा 380/411/457 भादवि थाना भोजपुर ।

5.मु0अ0सं0 07/16 धारा 380/411/457 भादवि थाना भोजपुर ।

6.मु0अ0सं0 49/18 धारा 395/412 भादवि थाना मूंढापाण्डे ।

7.मु0अ0सं0 264/18 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना मूंढापाण्डे ।

2. थाना कटघर पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने के 03 आरोपीयों को किया गिरफ्तारः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.06.2024 को शान्ति भंग कर रहे आरोपीगण को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपीगण1. विशेष पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम ताजपुर माफी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 2. आशू पुत्र शमीम अहमद निवासी चूडी वाली गली गुलाबबाडी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद 3. आकाश उर्फ भारत पुत्र महेन्द्र निवासी अम्बेडकर नगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं शान्तिव्यवस्था कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा 151/107/116 Cr.P.C में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

3. गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से लाठी, डन्डो, सरिया से हमला करने, जान से मारने की धमकी देने का आरोपीगण गिरफ्तार थाना कुन्दरकीः-

अवगत कराना है कि दिनांक 13.06.2024 को वादी श्री मौ0 तौफीक पुत्र छोटे निवासी ग्राम गजूपुर, थाना कुन्दरकी जिला मुरादाबाद ने आरोपीगण द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी के भाई के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की नियत से से लाठी, डन्डो, सरिया से हमला करने, जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना कुन्दरकी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कुन्दरकी पर मु0अ0सं0- 0181/2024 धारा- 307/323/504 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 14.06.2024 को उ0नि0 अनिल कुमार थाना कुन्दरकी द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1. मुन्शाद पुत्र मौ0 आलम 2. जाने आलम पुत्र सुलेमान उर्फ छोटे निवासीगण कुन्दरकी रेलवे फाटक कस्बा व थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।